# इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश 2024 में एक बार फिर इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन करने जा रहा है। यह इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 से भी अधिक भव्य होगा। पिछली बार की तरह इस बार भी इसे ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार इस बार पहले से भी ज्यादा एग्जिबिटर्स, विदेशी मेहमान और उद्यमी इसमें हिस्सा लेंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2023 में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप पहली बार 21 से 25 सितंबर के बीच इंटरनेशनल ट्रेड शो का भव्य आयोजन किया गया था। इसमें 2000 से अधिक एग्जिबिटर्स ने अपने उत्पादों को शोकेस किया था, जबकि कई देशों के मेहमान, उद्यमी और एक्सपोर्टर्स ने इसमें हिस्सा लिया था।

प्रस्ताव के अनुसार सितंबर 2024 में होने वाले इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2500 से अधिक एग्जिबिटर्स को शामिल किया जाएगा, जबकि सवा लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स को इनवाइट किया जाएगा। यही नहीं, एक लाख बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) विजिटर्स के साथ ही 80 देशों के 600 से ज्यादा ओवरसीज बायर्स इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही 3.5 लाख बी2सी (बिजनेस टू कस्टमर्स)विजिटर्स आमंत्रित होंगे। पिछले वर्ष की तुलना में ये नंबर्स कहीं ज्यादा हैं। 2023 में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में 1914 एग्जिबिटर्स, एक लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स, 70 हजार बी2बी विजिटर्स, 60 देशों के 500 ओवरसीज बायर्स, 2.37 लाख बी2सी विजिटर्स इस इवेंट का हिस्सा बने थे।

2024 में होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में जो प्रमुख फीचर्स होंगे उनमें एग्जिबिशन सबसे महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन होगा। वहीं नॉलेज सेशन के तहत सस्टेनेबिलिटी पर सीईओ का सेशन, वुमेन इमपावरमेंट पर राउंड टेबल और इनागरल के साथ ही वेलेडिक्ट्री सेशन का आयोजन होगा। पिछली वर्ष की तरह इस बार भी फैशन शो इस कार्यक्रम का अभिन्न हिस्सा होगा। जानकारी के अनुसार इनागरेशन के दिन ही सीएम योगी की पार्टनर कंट्री के एंबैस्डर, हाई कमिश्नर्स के साथ ही पार्टनर स्टेट और पार्टनर कंट्री के अन्य लोगों के साथ राउंड टेबल मीटिंग होगी।

सीएम योगी ने इसी वर्ष फरवरी में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित किया था। तब सीएम योगी ने कहा था कि इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसने यूपी के पोटेंशियल को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया है। पहली बार 500 से अधिक विदेशी बायर्स, 70 हजार से अधिक लोग इसमें सहभागी बने और 3 लाख लोगों का फुट फॉल हुआ।

उन्होंने बताया कि फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। इसके जरिए एक बार फिर यूपी अपनी क्षमता का प्रदर्शन वैश्विक समाज के सामने करने जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी ने सभी युवा उद्यमियों का आह्वान किया था कि सितंबर में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण में जरूर जाएं और यूपी के पोटेंशियल को देखें।

# लूट का खुलासा करने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** साईट-4 ग्रेटर नोएडा में हुई 9 लाख रूपये की



लूट का सफल अनावरण करने के लिए साईट 4 के व्यापारियों ने पुलिसकर्मियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसीपी जोन 3 साद मियाँ खां व एसीपी 1 सुशील कुमार उपस्थित रहे। व्यापारियों ने लूट का खुलासा करने वाली सभी पुलिसकर्मियों की टीम का फूल माला,अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

सम्मान पाने वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी यतेन्द्र कुमार, मुनेन्द्र सिंह निरीक्षक बीटा 2, एसओ ईकोटेक 1 अनुज कुमार, ऐचर चौकी प्रभारी सोहनवीर सिंह, एसआई जितेंद्र बालियाँन, उत्तम कुमार, अरुण आज़ाद, संदीप मलिक, संजीव कुमार, विनय कुमार, प्रवीण मलिक, सुनील कुमार, अमित प्रधान, अमित शर्मा, पुनीत कुमार, अमित कुमार, आदित्य, अविनाश कुमार, पंकज कुमार, विकास गंगवार रहे।

व्यापारी मनोज गर्ग, बजरंग गोयल, मुकुल गोयल, अरुण गुप्ता, रविदत्त शर्मा, विशाल जैन, राजेश ढिंगरा, विनोद गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल, रवि गर्ग, शिव कुमार शर्मा, रामवतार गुप्ता, भरत गोयल, सुरेश गर्ग, संजीव मांगलिक, रवींद्र गर्ग, अतुल जैन, मुदित ढिंगरा, धोलाराम जी, डी के गर्ग, पवन शर्मा, मुकेश गोयल, मोहित भाटी, मनु जिंदल, अजय मित्तल, मनीष मित्तल, अमित गर्ग, अभिषेक मित्तल, मनोज कुमार, नरेंद्र नागर, विकास गर्ग, शैलेंद्र सिंघल, कमल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ईएसआईसी अस्पताल में खामियों की शिकायत डायरेक्टर से की, एनईए को दिया आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ईएसआईसी अस्पताल सैक्टर-24 में डाक्टरों, नर्सो तथा





दवा वितरण खिडकियों की कमी होने के कारण श्रमिकों तथा उनके आश्रितों को इस सुविधा का पूर्णतः लाभ नही मिल पा रहा है, दवा लेने हेतु मरीजों को घंटों लाईनों में खड़ा होना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में श्रमिकों तथा उनके आश्रितों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पैनल के अर्न्तगत आने वाले अस्पतालों में ईलाज किये जाने पर समय से भुगतान नही किया जाता। ये आरोप नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) के कोषाध्यक्ष व ईएसआइसी कमेटी के चेयरमैन ने लगाये।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को अल्ट्रसाउंड, आपरेशन करने हेतु लंबा समय दिया जाता है जिसके कारण मरीज को मजबूरन प्राईवेट अस्पताल से ईलाज करवाने पर मजबूर होना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक प्रभाव पड़ता है। मरीजों को दुबारा डॉक्टर के पास अगले दिन दिखाने हेतु पुनः पर्ची बनवानी पड़ती है। अस्पताल में लगे वाटर कूलर खराब है जिसके कारण मरीजों को पानी बाहर से खरीदकर पीना पड़ रहा है।

अस्पताल की डायरेक्टर मेडिकल डा. संगीता माथुर एंव डा. सोना वेदी ने अवगत कराया कि श्रमिकों एंव उनके आश्रितों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रयास किए जा रहे है। दवाई लेने एंव डाक्टरों से चिकित्सा परामर्श हेतु टोकन मशीन लगा दी गई है शीघ्र ही टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा। अस्पताल में मरीजो के अल्ट्रासाउंड, आपरेशन आदि करने हेतु सिस्टम को ठीक कर दिया गया है ताकि समय से अल्ट्रासाउंड, आपरेशन किया जा सके।

आपातकाल में श्रमिक द्वारा अपना या अपने आश्रितों का ईलाज प्राईवेट अस्पताल में किये जाने पर ईलाज में खर्च की गई धनराशि त्रुटियां होने के कारण श्रमिक के खाते में ट्रांसफर होने में देरी होती है। फेस-2 में डिस्पेंसरी खोलने हेतु जगह मुहैया कराने हेतु जिलाधिकारी के साथ मीटिंग हो चुकी है। अस्पताल में लगे वाटर कूलरों को ठीक करवा दिया गया है जिनमें तकनीकी खराबी है, उन्हें भी शीघ्र ठीक करवा दिया जाएगा ।

बैठक में एनई.ए के कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, सचिव विरेन्द्र नरूला, दिनेश अग्रवाल, कुलबीर विर्क तथा ई0एस0आई0सी0 अस्पताल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 116वें दिन धरना जारी है धरना रात दिन का चल रहा है।

# लोनी में विक्रम हत्याकांड का खुलासा, कलयुगी भांजे ने की थी मामा की हत्या

गाजियाबाद जिले में हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। इस हत्याकांड में बेहद चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। दरअसल एक कलयुगी भांजे ने अपने परिवारवालों के साथ मिलकर अपने मामा को ही पीट-पीटकर मार डाला था। हत्या का आरोपी भांजा अब पुलिस की गिरफ्त में आया है।

दरअसल एक महीने पहले गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या कांड हुआ था। इस हत्याकांड ने गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र के गांव टीला शहबाजपुर में एक व्यक्ति को पीट-पीटकर मार डाला गया था। इस हत्याकांड की रिपोर्ट 12 मई 2024 को लोनी थाना में दर्ज कराई गई थी। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि चरन सिंह भाटी, पवन भाटी, विमला, कविता, चंचल, कुलदीप, पूजा, राहुल भाटी, सोनू भगेल, रोहित भाटी, गौरव, टिंकू, विमल, प्रशांत उर्फमुत्त, निशांत, राहुल रामबाबू, गगन आदि ने गांव के ही विक्रम मावी तथा सागर मावी का रास्ता रोककर लाठी, डंडों, पिस्टल, तमंचों से लैस होकर घेर कर हमला किया था। इस मामले में विक्रम मावी की मौत हो गयी थी।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरी के डीसीपी ग्रामीण ने बताया कि इस हत्याकांड में चरण सिंह पुत्र मंगत राम उम्र करीब 65 वर्ष, विमला पत्नी चरण सिंह उम्र करीब 65 वर्ष, चंचल पत्नी पवन भाटी उम्र करीब 30 वर्ष, पूजा पुत्री चरण सिंह पत्नी कुलदीप उम्र 28 वर्ष निवासीगण राधा विहार कॉलोनी, गौरव पुत्र रामकुमार नागर निवासी ग्राम कचेड़ा जिला गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 40 वर्ष, कविता पत्नी परशुराम नि0 बी 424 गली न0 02 अशोक नगर दिल्ली उम्र 45 वर्ष, विमल पुत्र रामवीर नि0 राहुल गार्डन थाना गाजियाबाद उम्र 28 वर्ष, प्रशान्त उर्फ मुत्तु पुत्र आनद कुमार नि0 कुम्हार कॉलोनी राधा विहार थाना गाजियाबाद 23 वर्ष, सोनू मावी पुत्र सुभाष मावी नि0 टीला शहबाजपुर थाना गाजियाबाद उम्र 27 वर्ष, काले उर्फ़ अंकुर पुत्र संजीव नि0 अमित विहार बेहटा हाजीपुर गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष, दीपक उर्फ गोलू पुत्र विनोद दुबे निवासी गली न0-6, डायमण्ड स्कूल के पीछे अमित विहार गाजियाबाद उम्र 26 वर्ष, गौरव पुत्र जगवीर निवासी राजेश का किराए का मकान प्रताप नगर थाना हर्ष बिहार दिल्ली उम्र 24 वर्ष, टिंकू उर्फ हेमंत पुत्र सतेंद्र नि0 राधा विहार गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष, कुलदीप पुत्र रामरिक निवासी मिलक नंगला कोट का पुल थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 26 वर्ष, राहुल उर्फ रामबाबू पुत्र बाबूराम शर्मा नि0 राधा विहार गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष, रोहित भाटी पुत्र प्रमोद कुमार निवासी राधा विहार गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था तथा 01 बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है।

इस मुकदमें में ही नामित अभियुक्त,पवन भाटी पुत्र चरण सिंह निवासी राधा विहार थाना लोनी बॉर्डर उम्र 32 वर्ष, थाना आरकेपुरम दिल्ली में अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार हुआ है एवं अभियुक्त गगन पुत्र यतेंदर निवासी सरस्वती विहार लोनी गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष को थाना हर्ष विहार दिल्ली में गिरफ्तार किया जा चुका है।

राहुल भाटी ने बताया कि मैं पवन भाटी का भतीजा हूँ। विक्रम मावी ने पवन भाटी के माता पिता व पत्नी के साथ मारपीट की थी जिस कारण से पवन भाटी अपने मामा विक्रम मावी को मारना चाहता था। विक्रम मावी की हत्या वाले दिन मैं भी मौके पर ही था तथा मेरे द्वारा भी विक्रम मावी के साथ मारपीट की गई थी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कल शपथ ग्रहण....**

पीएम मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए विकसित भारत के एम्बेसडर के रूप में वंदे भारत और मेट्रो ट्रेनों पर काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया है।

राष्ट्रपति भवन में 9 जून को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ड्रोन या छोटी बड़ी किसी भी तरह की उड़ानों पर पाबंदी रहेगी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने शपथ ग्रहण समारोह और वहां पर गणमान्य लोगों की मौजूदगी को देखते हुए ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट विमान, दूर से संचालित विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाडकॉप्टर या विमान से पैरा-जंपिंग आदि पर पाबंदी लगाने का निर्देश दिया है। दिल्ली के एनसीटी के अधिकार क्षेत्र में ऐसा करना आईपीसी की धारा 188 के तहत दंडनीय होगा. यह आदेश 09.06.2024 से लागू होगा और 02 दिनों की अवधि यानी 10.06.2004 (दोनों दिन सम्मिलित) तक लागू रहेगा, जब तक कि इसे पहले वापस न ले लिया जाए।

**सेक्टर-122 में ...**

एवं बच्चों में उत्साह भरा। पौधों का प्रबंध प्राधिकरण के उद्यान विभाग की ओर से किया गया। एचसीएल फाउंडेशन ने बच्चों एवं सभी उपस्थित लोगों को कैप एवं कपडे का थैला भी पर्यावरण संदेश लिखित उपहार स्वरुप भेट किये।

**कंपनी मालिक पर....**

थाना प्रभारी ने बताया कि इसी मामले में एक अन्य कर्मचारी ज्ञानचंद ने पवन कुमार अग्रवाल को नामित करते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित व्यक्ति ने भी अन्य लोगों की तरफ पवन कुमार अग्रवाल पर धोखाधड़ी कर, करोड़ों रुपया हड़पने और उनके उत्पीड़न से कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।

**दो बदमाश पकड़े...**

और देव कुमार उर्फ़ देवा पुत्र मोहनलाल निवासी दिल्ली बताये हैं। चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली के विभिन्न जगहों से चोरी की हुई 19 मोटरसाइकिलें बरामद की है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया है कि उन्होंने एनसीआर में दर्जनों वाहन चोरी की वारदातें की है।

**आज से राशन का....**

प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपए में वितरण की जाएगी। प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो0 गेहूँ एवं 21 किलो0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किलो गेहूं व 03 किलो चावल विक्रेता द्वारा निशुल्क वितरण किया जाएगा।

अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकेंगे।

पूर्ति अधिकारी ने कहा कि कार्डधारक को आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

**चालू वित्त वर्ष का....**

वित्त से संबंधित किसान मुद्दों को रखा जाएगा। गोल्फ कोर्स, हेलीपोर्ट, डीएनजीआईआर जमीन अधिग्रहण, जल वाटर मीटर दर। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की अंशधारिता मोबिलिटी रीजनल प्लान के अलावा भंगेल एलिवेट , चिल्ला एलिवेटड जैसे परियोजना तथा कोर्ट केस के बारे में विस्तार से समीक्षा होगी।

**फैक्टरी में लगी आग....**

जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया और अन्य को इलाज के लिए सफदरगंज अस्पताल रेफर कर दिया।

दिल्ली फायर विभाग के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे नरेला स्थित श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया है और फैक्ट्री में अंदर मौजूद 9 लोगों को रेस्क्यू किया, जिसमें से तीन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और अन्य को इलाज के लिए नरेला एसएचआरसी अस्पताल से सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया।

शुरुआती जांच के अनुसार, फैक्ट्री में कच्चे मूंग को गैस बर्नर पर भूना जा रहा था. इसी दौरान पाइपलाइन से गैस के रिसाव के कारण आग फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया और फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा

Toll Free No. 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक- वाई.ई.ए./भूलेख/438/2024 दिनांक 07.06.2024

**सार्वजनिक सूचना**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के अनुपालन में ग्राम रौनीजा तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर में क्रमशः 236.6860 हे., 23.9123 हे., 40.6346 हे., 8.5170 हे. अर्जित भूमि के सापेक्ष 07 प्रतिशत आबादी भूमि आबंटित किए जाने हेतु अवशेष पात्र/अपात्र व्यक्तियों की अनन्तिम सूची तैयार कर निम्न स्थानों पर सार्वजनिक सूचना हेतु प्रदर्शित की गई है।

1. नोटिस बोर्ड, मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, पी-2, ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा।
2. नोटिस बोर्ड भूलेख विभाग, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण।
3. सामुदायिक केन्द्र भवन/प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन, ग्राम रौनीजा।
4. प्राधिकरण की वेबसाइट पर।

आबादी विनियमावली के बिन्दु संख्या 5.5 के अनुसार परीक्षित सूची में वर्णित किसी विवरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित आपत्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिनों के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

डिप्टी कलेक्टर
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी ( गौतमबुद्धनगर )**

पत्रांक-553/न0पा0परि0दा0/निर्माण/2024-25 दिनांकः 07/06/2024

**-: अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना :-**

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा पूर्व की भांति वर्ष 2023-24 में पालिका सीमान्तर्गत राज्य वित्त आयोग निधि /पालिका फण्ड की धनराशि की उपलब्धता के आधार पर 15 निर्माण कार्यों की कुटेशन दिनांक 14.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, उक्त कुटेशने निर्माण विभाग में रखे सील बन्द बॉक्स में दिनांक 07.06.2024 से दिनांक 14.06.2024 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक डाली जायेगी। प्राप्त कुटेशनें उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें ठेकेदारों की उपस्थिति अनिवार्य है, यदि कुटेशन खोलने की तिथि को अवकाश होता है अथवा सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति में कुटेशन अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी। किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन राशि जी.एस.टी. सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | जी0टी0 रोड पर तालाब के सामने मिटटी भराव का कार्य। | 98000.00 | एक सप्ताह |
| 02 | थाना परिसर में फ्लोर टाईल्स द्वारा मरम्मत का कार्य। | 90000.00 | एक सप्ताह |
| 03 | थाना परिसर में टॉयलेट की मरम्मत का कार्य। | 92000.00 | एक सप्ताह |
| 04 | वार्ड सं0-04 व 08 में नाली की मरम्मत का कार्य। | 86000.00 | एक सप्ताह |
| 05 | वार्ड सं0-06 में टाईल्स,सी0सी0 रोड व नाली की मरम्मत का कार्य। | 98000.00 | एक सप्ताह |
| 06 | वार्ड सं0-06 में कमरु के मकान के सामने सी0सी0 रोड एवं नाली की मरम्मत का कार्य। | 98000.00 | एक सप्ताह |
| 07 | वार्ड सं0-06 में मोमीन के मकान के पास सी0सी0 रोड एवं नाली की मरम्मत का कार्य। | 99000.00 | एक सप्ताह |
| 08 | वार्ड सं0-10 में पुलिया, टाईल्स एवं नाली की मरम्मत का कार्य। | 99000.00 | एक सप्ताह |
| 09 | वार्ड सं0-10 में राजा विहार में जय कुमार के मकान के सामने सी0सी0 रोड की मरम्मत का कार्य। | 99000.00 | एक सप्ताह |
| 10 | वार्ड सं00-10 में राजा विहार में रॉकी के मकान से लता शर्मा के मकान तक सी0सी0 रोड की मरम्मत का कार्य। | 96000.00 | एक सप्ताह |
| 11 | वार्ड सं0-10 में वेदवती के मकान के पास सी0सी0 रोड की मरम्मत का कार्य। | 99000.00 | एक सप्ताह |
| 12 | वार्ड सं0-11 में बढपुरा में मुन्नी के मकान से सरजीत के मकान तक सी0सी0 रोड की मरम्मत का कार्य। | 98000.00 | एक सप्ताह |
| 13 | वार्ड सं0-11 में नगर पालिका के पीछे बढपुरा को जाने वाली रोड पर मन्दिर के सामने पुलिया का निर्माण कार्य। | 94000.00 | एक सप्ताह |
| 14 | वार्ड सं0-14 व 20 में चैनल व पुलिया का निर्माण कार्य। | 99000.00 | एक सप्ताह |
| 15 | वार्ड सं0-15 में गढी में बाबा मोहन राम मन्दिर के पास मिट्टी भराव का कार्य। | 97000.00 | एक सप्ताह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दादरी
जनपद- गौतमबुद्धनगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, दादरी
जनपद- गौतमबुद्धनगर